# चक्रवात डकिलेडी से मायोट पर प्रभाव

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

**चक्रवात डकिलेडी ने** [मोज़ाम्बिक चैनल](#) **(हिंद महासागर)** में स्थित फ्राँसीसी **हिंद महासागर क्षेत्र मायोट को प्रभावित किया।**

## मायोट का परिचय:

- इसमें [**कोमोरोस द्वीपसमूह**](#) के **दो द्वीप शामिल हैं**, जिसमें मुख्य द्वीप को **मायोट (या ग्रांडे टेरे)** और **छोटे द्वीप को पामांडज़ी (पेटिट टेरे) कहा जाता है।**
- यह **फ्राँस** और [**यूरोपीय संघ**](#) दोनों का **सबसे गरीब क्षेत्र है।**



- **फ्राँस ने वर्ष 1843** में मायोट को कॉलोनी बनाया और वर्ष **1904** में कोमोरोस समेत संपूर्ण द्वीपसमूह पर **कब्ज़ा कर लिया**।
    - **वर्ष 1974 के** जनमत संग्रह में **95% लोगों ने अलगाव का** समर्थन किया, लेकिन मायोट के **63% लोगों ने फ्राँसीसी बने रहने के पक्ष में मतदान किया।**
    - **ग्रांडे कोमोर, अंजुआन और मोहेली ने वर्ष 1975** में स्वतंत्रता की घोषणा की। मायोट पर अभी भी **पेरिस** से शासन किया जाता है।
- **चक्रवात चिडो**, जो **दिसंबर 2024** में **मायोट में आया था**, **90 वर्षों** में द्वीपसमूह में आने वाला **सबसे भयंकर चक्रवात था।**

# चक्रवात



## परिचय

चक्रवात एक कम दबाव वाला क्षेत्र होता है जिसके आस-पास तेजी से इसके केंद्र की ओर वायु परिसंचरण होते हैं।

## चक्रवात बनाम प्रतिचक्रवात

| दबाव प्रणाली | केंद्र में दबाव की स्थिति | हवा की दिशा का पैटर्न | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तरी गोलार्द्ध | दक्षिणी गोलार्द्ध |
| चक्रवात | निम्न | वामावर्त | दक्षिणावर्त |
| प्रतिचक्रवात | उच्च | दक्षिणावर्त | वामावर्त |

## वर्गीकरण

उष्णकटिबंधीय चक्रवात; मकर और कर्क रेखा के बीच उत्पन्न होते हैं।




अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय/समशीतोष्ण चक्रवात; ध्रुवीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं।

- **गठन के लिए शर्तें:**
  - 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
  - कोरिओलिस बल की उपस्थिति।
  - ऊर्ध्वाधर/लंबवत हवा की गति में छोटे बदलाव।
  - पहले से मौजूद कमजोर निम्न-दबाव क्षेत्र या निम्न-स्तर-चक्रवात परिसंचरण।
  - समुद्र तल प्रणाली के ऊपर विचलन (Divergence)।
- **नामकरण:**
  - **नोडल प्राधिकरण: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)**
  - **हिंद महासागर क्षेत्र:** बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्याँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड इस क्षेत्र में आने वाले चक्रवातों के नामकरण में योगदान करते हैं।
- **उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिये अलग-अलग नाम:**
  - **टाइफून:** दक्षिण पूर्व एशिया और चीन
  - **हरिकेन:** उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत
  - **टॉरनेडो:** पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका
  - **विली-विलीज:** उत्तर पश्चिम ऑस्ट्रेलिया
  - **उष्णकटिबंधीय चक्रवात:** दक्षिण पश्चिम प्रशांत और हिंद महासागर
- **भारत में चक्रवात:**
  - **द्वि-वार्षिक चक्रवात मौसम:** मार्च से मई और अक्टूबर से दिसंबर।
  - **हाल के चक्रवात:** ताउते, वायु, निसर्ग और मेकानु (अरब सागर में) तथा असानी, अम्फान, फोनी, निवार, बुलबुल, तितली, यास और सितरंग (बंगाल की खाड़ी में)।

**और पढ़ें...** [मायोट में चक्रवात चिडो]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cyclone-dikeledi-hits-mayotte